प्रेषक,

अच्छे लाल सरोज,
अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या–4
हरदोई।

द्वाराः

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
हरदोई।

सेवा में,

श्रीमान महानिबंधक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

विषयः माननीय महोदय द्वारा <u>प्रार्थी द्वारा प्रेषित सम्पत्ति की सूचना/विवरण पर की गयी आपत्ति के सम्बन्ध में प्रतिवेदन।</u>

महोदय,

1. ससम्मान निवेदन करना है कि मेरे द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक संख्या 3501/IV–3101–Admin (A–4) दिनांकित 08.03.2018 के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दी गयी अनुमति के पश्चात दिनांक 16.06.2020 को एक आवासीय मकान/विला ORO City सेक्टर जे, जानकीपुरम विस्तार, कुर्सी रोड लखनउ में क्रय किया गया। जिसके सम्बन्ध में दिनांक 10.08.2020 को जनपद मिर्जापुर में नियुक्ति के दौरान क्रय किये जाने की सूचना मय सुसंगत प्रपत्रों के साथ तकनीकी खराबी के कारण पोर्टल पर न भेज कर जरिये ई–मेल माननीय महोदय को प्रेषित किया गया था। किन्तु महोदय के पत्रांक संख्या 8228/IV–3101/Admin(A–4)/ Dated ४ 15.06.2023 से यह ज्ञात हुआ कि उक्त प्रेषित सूचना कतिपय कारणों से महोदय को प्राप्त नही है जिसके कारण प्रार्थी पुनः दिनांक 28.06.2023 को जनपद हरदोई से उक्त सूचना पूर्ण विवरण के साथ प्रेषित की गयी **(Annexure–1)**।

2. माननीय महोदय के द्वारा उक्त विवरण के सम्बन्ध में पूर्व में प्रार्थी के बचत खाता पासबुक जिसके माध्यम से भुगतान किया गया है, के अधिकतम 6 माह की प्रमाणित छायाप्रति तथा सूचना विलम्ब से भेजने की अपेक्षा की गयी थी जिसके अनुपालन में प्रार्थी द्वारा पोर्टल पर दिनांक 18.12.2023 को सम्बन्धित पासबुक की 6 माह की प्रविष्ठियों की प्रमाणित प्रति तथा विलम्ब का कारण भेजा गया था। **(Annexure–2)**

3. पुनः महोदय द्वारा उक्त आवास के सापेक्ष किये गये भुगतान के क्रम में प्रार्थी से प्रथम भुगतान से लेकर अंतिम भुतान तक पासबुक की सत्यापित प्रति तथा क्रय किये गये प्लाट का सम्पूर्ण भुगतान (टैक्स, चार्जेज एवं स्टाम्प ड्यूटी सहित) भेजे जाने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के सम्बन्ध में विवरण निम्नवत है–

i). टैक्स **(SGST/CGST)**, स्टाम्प ड्यूटी **(Typing Fee and Registry Fee)** सहित क्रय किये गये प्लाट/विला की कुल कीमत **---- मु० रू० 6714773/- (सरसठ लाख चौदह हजार सात सौ तिहत्तर मात्र)।**

ii). उपरोक्त धनराशि में मु० रू० 6074017.14/- रू० प्लाट/विला की वास्तविक कीमत (मय स्टाम्प ड्यूटी, रजिस्ट्रेशन शुल्क व टाइपिंग शुल्क) तथा मु० रू० 640755.86 – *SGST*CGST/Service Tax हेतु भुगतान किया गया।)

iii). प्रार्थी द्वारा टाइपिंग शुल्क मु० रू० 100/- तथा रजिस्ट्रेशन शुल्क मु० रू० 55900/- मात्र अपने पास किये गये बचत से तथा अन्य सम्पूर्ण भुगतान लोन द्वारा तथा बचत खाता से किया गया है। बचत खाता के के प्रथम भुगतान से अंतिम भुगतान तक किये गये विवरण से सम्बन्धित बैंक स्टेटमेंट की स्वप्रमाणित प्रति माननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने हेतु पत्र के साथ संलग्न है। **(Annexure-3)**

प्रार्थी पुनः उपरोक्त वांछित सूचना पूर्ण विवरण के साथ प्रेषित कर रहा है। अतः माननीय महोदय से निवेदन है कि सूचना प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही करने की कृपा करें।

सादर।

भवदीय

16.1.2024

दिनांक:16.01.2024 **(अच्छे लाल सरोज)**

अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट संख्या-4,

हरदोई।